बरेली, बुधवार
8 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण

PAGE NO, IV, BOTTOM

101 रन से आइनेक्स्ट व 208 रन से एमडीसीए विजयी

29 गेंदों पर 53 रन बनाने वाले आइनेक्स्ट जनरेशन के शिवम शर्मा बने मैन आफ द मैच

53 गेंदों पर 119 रन बनाने वाले एमडीसीए के हर्ष त्यागी को चुना गया मैन आफ द मैच

जासं, बरेली: श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के आठवें और नौवें मुकाबले में रनों की बारिश और तेज हुई। इन मैचों में जीत का आंकड़ा दो सौ पार होकर तीन सौ हो गया। आठवें मुकाबले में आइनेक्स्ट जनरेशन ने जीका इलाहाबाद को 126 रन पर रोक कर जीत हासिल की। वहीं, नौवें मुकाबले में मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमएसडीए) ने 303 रन बनाकर जीत अपने नाम की। आइनेक्स्ट के बल्लेबाज शिवम शर्मा व एमडीसीए के हर्ष त्यागी को लगातार दूसरी बार मैन आफ द मैच घोषित किया गया।

एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार शाम आठवां मैच आइनेक्स्ट और जीका के बीच खेला गया। आइनेक्स्ट जनरेशन ने पहले खेलते हुए आठ विकेट के नुकसान पर 227 रन बनाए। इसमें आर्यन जुआल (35 रन), आर्यन चौधरी (41 रन), अक्षु बाजवा (25 रन), प्रियांशु (37 रन), शिवम शर्मा (53 रन) और अमन सिद्दीकी (20 रन) ने योगदान दिया। इसके जवाब में जीका टीम 18.4 ओवर में 126 रन ही बना सकी। आईनेक्स्ट ने 101 रन से मैच जीत लिया। जीका की ओर से चार खिलाड़ी ही दहाई के अंक तक पहुंच सके। नौवां मैच मंगलवार को ग्रुप- सी की टीम मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमडीसीए) और मनीष शर्मा स्पोर्ट्स फेडरेशन (एमएसएसएफ) दिल्ली के बीच हुआ। एमडीसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट के नुकसान पर 303 रन बनाए। इसमें हर्ष त्यागी (119 रन), प्रियम गर्ग (51 रन), रितुराज (93 रन), हर्षदीप (26 रन) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। 303 रन का पीछा करने उतरी एमएसएसएफ की टीम बड़े लक्ष्य के दबाव में 14.1 ओवर में 94 रनों पर सिमट गई। इसमें सबसे ज्यादा 17 रन एक्स्ट्रा के रूप बने और तीन खिलाड़ी ही दहाई के अंक तक पहुंच सके।

एमडीसीए के गेंदबाज अंकुर चौहान ने 2.1 ओवर में दस रन देकर चार विकेट हासिल कर एमएसएसएफ की टीम को बिखेरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नतीजा एमडीसीए ने 208 रन से मैच में शानदार जीत हासिल की। ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

एसआरएमएस स्टेडियम में क्रिकेट खेलते खिलाड़ी • सौ. आयोजक

आज के मुकाबले

टूर्नामेंट में बुधवार को ग्रुप- सी की मनीष शर्मा स्पोर्ट्स फेडरेशन (एमएसएसएफ) दिल्ली और एसआरएमएस किंग्स के बीच दोपहर दो बजे से और ग्रुप- डी की टीम तेजस्वी स्पोर्ट्स मेरठ और जीका इलाहाबाद के बीच शाम 6.30 बजे से खेला जाएगा।